ये शामिल हैं; चीनी, तेल/तिलहन खली, सूती वस्त्र, लोहा तथा इस्पात, चमड़ा तथा चमड़े से बना सामान, अयस्क, कच्ची रुई, सीमेंट तथा चांदी। प्रायः इन सभी मदों की मात्रा में गिरावट आई है। इन मदों के सम्बन्ध में मात्रा सम्बन्धी आंकड़े उपरोक्त सारणी में दर्शाए गए हैं।

एयर इंडिया द्वारा मनोरंजन पर किये जाने वाले व्यय में मितव्ययता

982. **श्री अनन्तराम जायसवाल :** क्या पर्यटन और नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि एयर इंडिया द्वारा मनोरंजन पर किये जाने वाले व्यय में निरन्तर वृद्धि हो रही है जिसके परिणामस्वरूप उसी अनुपात में संगठन के लाभ में कमी हो रही है ;

(ख) यदि हां, तो वित्तीय वर्ष 1975-76, 1976-77 और 1977-78 में अलग-अलग एयर इंडिया द्वारा मनोरंजन पर कितना व्यय किया गया; और

(ग) क्या वित्तीय वर्ष 1978-79 में इस शीर्ष के अन्तर्गत होने वाले व्यय में मितव्ययता लाने के लिए सरकार कोई उपाय करेगी और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (श्री पुरुषोत्तम कौशिक) : (क) पिछले कुछ वर्षों के दौरान एयर इंडिया की लाभ-प्रदता में वृद्धि हो रही है, हालांकि प्रचारार्थ आतिथ्य सत्कार पर होने वाले व्यय की मात्रा में भी कुछ वृद्धि हुई है।

(ख) वित्तिय वर्ष 1975-76, 1976-77 तथा 1977-78 के दौरान एयर इंडिया द्वारा प्रचारार्थ आतिथ्य सत्कार पर किया गया व्यय क्रमशः 1.32 करोड़ रुपये, 1.60 करोड़ रुपये तथा 1.65 करोड़ रुपये है।

(ग) सरकार इस सम्बन्ध में किफायत करने के उपाय कर रही है। आशा है 1978-79 के दौरान यह व्यय 1977-78 के दौरान हुए ऐसे व्यय से कम होगा।

निर्यात कर्ताओं को वित्तीय सहायता

983. **श्री अनन्तराम जायसवाल :**
श्री राघवजी :

क्या वाणिज्य, नागरिक पूर्ति तथा सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बहुत सी वस्तुओं के निर्यात को प्रोत्साहन देने के लिए उनके निर्यातकों को सरकार आर्थिक सहायता की छूट देती है ;

(ख) यदि हां, तो वित्तीय वर्ष 1976-77 और 1977-78 में अलग-अलग यह आर्थिक सहायता की राशि क्या थी और वित्तीय वर्ष 1978-79 के लिए इसकी अनुमानित राशि क्या है;

(ग) वे कौन-कौन सी वस्तुएं हैं जिन पर विगत वित्तीय वर्ष में आर्थिक सहायता छूट दी गई और प्रत्येक में कितनी सहायता दी गई; और

(घ) क्या सरकार ने कोइ ऐसी कमेटी बनाई है जो इस प्रश्न पर विचार करे कि निर्यातित वस्तुओं पर दी जाने वाली आर्थिक सहायता-छूट घटाई जावे और यदि हां, तो कमेटी का गठन कब हुआ, उसकी सिफारिशें क्या हैं और उन पर सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री आरिफ बेग) : (क) नकद मुआवजा इमदाद विशिष्ट उत्पादों के निर्यात पर दी जाती है।

(ख) वर्ष 1976-77, 1977-78 में नकद मुआवजा इमदाद के रूप में वितरित कुल रकम तथा 1978-79 के लिए इस प्रयोजन के लिए की गई बजट व्यवस्था नीचे दी जाती है :—

1976-77	226.62 करोड़ रु०
1977-78	311.28 करोड़ रु० (अस्थाई)
1978-79	233.00 करोड़ रु० (बजट व्यवस्था)

(ग) मोटे तौर पर उत्पादों की जिन श्रेणियों के लिए 1977-78 में नकद मुआवजा इमदाद दी गई और दिसम्बर, 1977 तक जितनी रकम वितरित की गई, वह संलग्न विवरण में दी गई है।

(घ) नकद मुआवजा इमदाद दरों की पुनरीक्षा करने के लिए एक स्थायी अन्तः मंत्रालय समिति है। इस समिति का गठन जून 1974 में किया गया था। जब और जैसे आवश्यक समझा जाता है, समिति की बैठक होती है और कतिपय निर्धारित कसौटियों के आधार पर नकद मुआवजा इमदाद की दरों के बारे में विनिश्चय किये जाते हैं।

विवरण

विभिन्न उत्पाद समूहों पर 1977-78 (अप्रैल 77 से दिसम्बर 77 तक) के दौरान वितरित नकद मुआवजा इमदाद (मदवार आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं)।

(करोड़ रु० में)

क्रमांक	उत्पाद समूह का नाम	जितनी नकद मुआवजा इमदाद का भुगतान किया गया।
1.	इंजीनियरी माल	81.63
2.	रसायन तथा सहोत्पाद	20.40
3.	प्लास्टिक माल	2.11
4.	खेल-कूद का सामान	1.72
5.	वस्त्र, सिले सिलाये परिधान, होजरी तथा निटवियर	61.89
6.	खाद्य पदार्थ	10.00
7.	मछली तथा मछली उत्पाद	0.44
8.	पटसन से निर्मित वस्तुएं	13.01
9.	तैयार चमड़ा तथा चमड़े से निर्मित वस्तुएं	17.03
10.	हस्तशिल्प की वस्तुएं	5.77
11.	मुक्त व्यापार जोन-सप्लाई तथा परिवहन उपदान	0.05
12.	कयर उत्पाद	0.54
13.	तेल रहित आम की गिरी	0.08
	योग	214.67